web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 17 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 290

# जम्मू के डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़, सेना के एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद

जम्मू । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ पूरी रात चली मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मियों ने मंगलवार को दम तोड़ दिया।

इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात डोडा में एक वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और एक पुलिसकर्मी समेत पांच सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से चारों सैन्यकर्मी शहीद हो गये, जबकि घायल पुलिसकर्मी जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है।

एक अधिकारी ने बताया, मुठभेड़ तब शुरू हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) के जवानों ने कल (सोमवार) शाम करीब 7.45 बजे देसा वन क्षेत्र के धारी गेट उरारबागी में सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) शुरू किया। शुरू में 20 मिनट से अधिक समय तक चली गोलीबारी में एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मी और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने कहा, इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है। डोडा जम्मू संभाग के उन घने जंगलों वाले पहाड़ी जिलों में से एक है, जहां आतंकवादी गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

### झुंझुनू के दो वीर जवानों की शहादत

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवान शहीद हो गए, जिनमें से दो राजस्थान के झुंझुनू जिले से थे। शहीद सिपाही अजय सिंह बुहाना तहसील के और बिजेंद्र सिंह डूमोली कलां की ढाणी खुबा के निवासी थे। दोनों शहीदों की पार्थिव देह बुधवार को सुबह उनके गांव पहुंचाई जाएगी, जहां सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जाएगी।

बुहाना तहसील के भैसावता कलां निवासी अजय सिंह नरूका, 26 वर्ष, डोडा मुठभेड़ में शहीद हो गए। उनके पिता कमल सिंह नरूका भी सेना में हवलदार रह चुके हैं और 2015 में रिटायर हुए थे। अजय सिंह की शादी 21 नवंबर, 2021 को शालू कंवर से हुई थी। उनके परिवार में माता सुलोचना देवी, पत्नी शालू कंवर, और छोटा भाई करणवीर सिंह हैं, जो बठिंडा (पंजाब) के एम्स में डॉक्टर हैं। शहीद अजय सिंह का परिवार 2017 से पिलानी के हरिनगर में रह रहा है।



मंगलवार सुबह जब अजय सिंह की पत्नी शालू कंवर को सेना के अधिकारियों ने शहादत की खबर दी, तो वे बेसुध हो गईं। अजय सिंह 6 साल पहले सेना में भर्ती हुए थे और दो महीने पहले ही छुट्टी पर घर आए थे। उन्हें 18 जुलाई को फिर से छुट्टी लेकर गांव आना था, लेकिन उससे पहले ही वे शहीद हो गए।

डूमोली कलां की ढाणी खुबा निवासी बिजेंद्र सिंह, 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी शादी 2021 में अंकिता से हुई थी, और उनके दो बेटे हैं, एक चार साल का और दूसरा एक साल का। बिजेंद्र सिंह का बड़ा भाई भी आर्मी में है। उनके परिवार में माता-पिता और तीन बहनें भी हैं। बिजेंद्र सिंह फरवरी में अपने घर आए थे, और उनकी शहादत की खबर आने के बाद से पूरा परिवार सदमे में है।

शहीद अजय सिंह और बिजेंद्र सिंह की पार्थिव देह बुधवार को उनके गांव लाए जाएंगे। दोनों शहीदों के सम्मान में यात्रा निकाली जाएगी और अंतिम विदाई दी जाएगी। शहीद अजय सिंह की पार्थिव देह बुधवार सुबह सवा नौ बजे सिंघाना से भैसावता कलां पहुंचेगी।

## राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को दी कार्यवाई की खुली छूट, हेलीकॉप्टर से जंगल में छुपे आतंकियों की तलाश शुरु

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ सोमवार शाम शुरू हुई मुठभेड़ रात भर चलती रही। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी और सेना के एक अधिकारी और चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए हैं। इसे लेकर अब सरकार सख्त एक्शन के मूड में नजर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से बात की है और मामले का संज्ञान लिया है। खबर है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को आतंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है। उधर, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों की तलाश के लिए सेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। आतंकवादी डोडा के घने जंगलों में छिपे हैं। सेना और पुलिस के जवान वहां पहले से सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आतंकवादियों को चारों तरफ से घेरने के लिए अब हेलीकॉप्टर से भी तलाशी शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) के जवानों ने सोमवार रात डोडा के डेसा वन क्षेत्र के धारी गेट उरारबागी में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। रात लगभग नौ बजे अभियान दल आतंकवादियों के काफी करीब पहुंच गया जिसके बाद भारी गोलीबारी हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों में बहादुर जवानों के हताहत होने का पता चला है। क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिकों को भेज दिया गया है। ऑपरेशन जारी है। पहले मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी समेत पांच सुरक्षाकर्मियों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली थी। मंगलवार को पांचों ने दम तोड़ दिया। शहीदों में सेना का एक अधिकारी भी शामिल है।

# नवी मुंबई में एक्सप्रेस-वे पर बस दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत, 49 घायल

मुंबई । आरएनएस



मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर नवी मुंबई के इलाके में बीती रात एक एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गये। घायलों में सात-आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना सोमवार-मंगलवार आधी रात के बाद करीब एक बजे की है। बस में सवार सभी लोग डोंबिवली, नीलजे लोढ़ा के रहने वाले थे। वे भगवान विठ्ठल के दर्शन के लिए पनवेल से पंढरपुर जा रहे थे। बस एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रैक्टर से टकरा गई। बस में 54 लोग सवार थे।

नवी मुंबई जोन-2 के उपायुक्त विवेक पानसरे ने बताया कि 45 घायलों को एमजीएम अस्पताल भेजा गया है जबकि अन्य को सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। सात-आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं जबकि अन्य घायल खतरे से बाहर हैं।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस सीधे सडक़ से नीचे जा गिरी। रात में ही बचाव कार्य किया गया और क्रेन की मदद से बस को भी मौके से हटाया गया।

# 100किमी/हावर की स्पीड से स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराई, 6 की मौत; वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

पटना । आरएनएस

बिहार के पटना जिले में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर ओवरब्रिज के नज़दीक आज तडक़े तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो के सडक़ किनारे खड़े हाइवा से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो की स्पीड 100 यरू/।। थी। बाढ़ (दो) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अभिषेक सिंह ने मंगलवार को बताया कि नवादा से बख्तियारपुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई।



उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार कुल 11 लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई।श्री सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौक़े पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को बख्तियारपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज की लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया, जहां एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

एसडीपीओ ने बताया कि अन्य पांच घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्कॉर्पियो के चालक को नींद आ गई या अन्य कारण से दुर्घटना हुई इसका पता लगाया जा रहा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवादा जिले के हिसुआ से एक स्कॉर्पियो आ रही थी। इस पर 11 लोग सवार थे। सभी बाढ़ के उमानाथ घाट गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान बख्तियारपुर फोरलेन पर सडक़ के किनारे खड़ी एक हाइवा से जा टकराई।

# अब रक्षा उत्पाद होगा मेक इन इंडिया , हजार करोड़ से ज्यादा का होगा फायदा

नई दिल्ली । आरएनएस

रक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भरता की ओर एक और कदम आगे बढ़ाया है। डिफेंस प्रोडक्शन डिपार्टमेंट ने कहा है कि 346 रक्षा उत्पाद स्वदेशी कंपनियों से ही खरीदे जाएंगे जिससे एक हजार करोड़ से ज्यादा का लाभ होगा। रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी करते हुए यह बात कही है। इस सूची में रणनीतिक रूप से अहम लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, असेंबली, सब-असेंबली, सिस्टम, सब-सिस्टम, और रक्षा उत्पादों के लिए कच्चा माल शामिल है। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी।

**आयात के बचेंगे 1,048 करोड़ रुपए-** रक्षा मंत्रालय ने 2020 में सृजन डिफेंस पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर रक्षा उत्पादन विभाग व सेवा मुख्यालय, एमएसएमई कंपनियों और विभिन्न स्टार्ट-अप सहित उद्योगों को स्वदेशीकरण के लिए रक्षा वस्तुएं प्रदान करते हैं। स्वदेशीकरण की जो नई लिस्ट तैयार की गई है, उनकी एक समयसीमा के बाद भारतीय उद्योगों से खरीद की जाएगी। रक्षा सूत्रों ने बताया है कि इससे आयात के 1,048 करोड़ रुपए बचेंगे। साथ ही अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी इससे तेज होगी। इसके अलावा रक्षा के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। सरकार के इस कदम से अकादमिक व अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी के चलते घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।




**ये भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी रक्षा उत्पाद-** रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा जिन वस्तुओं की लिस्ट जारी की गई है, उनमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, बीईएमएल लिमिटेड, इंडिया आप्टेल लिमिटेड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा तैयार किया जाएगा। सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा इससे पहले, तैयार की गईं ये पांच सूचियां सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) द्वारा अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं।

**7 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के आर्डर-** जून 2024 तक, डीपीएसयू और एसएचक्यू द्वारा स्वदेशीकरण के लिए रक्षा उद्योग को 36,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई थी। उनमें से, पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसके चलते घरेलू रक्षा कंपनियों को 7,572 करोड़ रुपए के आर्डर मिले हैं।

## नीट-यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई ने हजारीबाग से गेस्ट हाउस मालिक को किया गिरफ्तार

रांची । आरएनएस

नीट-यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई ने सोमवार देर शाम हजारीबाग शहर के एक गेस्ट हाउस में छापा मारकर संचालक राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीबीआई टीम उसे अपने साथ ले गई। इसके पहले सीबीआई ने 28 जून को हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल मो. इम्तियाज और एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया था।

इन सभी को एजेंसी ने रिमांड पर लेकर लंबी पूछताछ की थी। इसके बाद धनबाद और पटना से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जा चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई की अब तक जांच में इसके पुख्ता साक्ष्य सामने आए हैं कि नीट-यूजी के पेपर ओएसिस स्कूल स्थित सेंटर से लीक किए गए थे। यहीं से पेपर पटना भेजा गया था, जहां एक हॉस्टल में कई छात्रों से मोटी रकम लेकर न सिर्फ पेपर उपलब्ध कराए गए थे, बल्कि उनके उत्तर भी रटवाए गए थे। अब इस मामले में हजारीबाग के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस के मालिक की भी संदिग्ध भूमिका की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि पेपर लीक कराने वाले नेटवर्क की अहम कड़ी पत्रकार जमालुद्दीन से इस गेस्ट हाउस के मालिक के निकट संबंध हैं। आशंका है कि पेपर लीक कराने वाले नेटवर्क से जुड़े लोगों ने इस गेस्ट हाउस को ठिकाना बनाया था।

# 32 किलोमीटर का जोखिम भरा रास्ता पार करने के बाद होते हैं श्रीखंड महादेव के दीदार

आनी । आरएनएस



विश्व की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के निरमंड विकास खंड के तहत श्रीखंड महादेव यात्रा यात्रियों को रोमांच से भर देती है। 18570 फुट ऊंचाई पर बसे श्रीखंड महादेव तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को जोखिम भरी 32 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई को चढऩा पड़ता है। इस दौरान श्रद्धालुओं को संकरे रास्ते में कई बर्फ के गलेशियरों को भी पार करना होता है। वहीं ऊंचाई वाले कई ऐसे स्थल हैं जहां ऑक्सीजन की कमी और फिसलन भरे रास्तों से सामना होता है। पार्वती बाग से आगे कुछेक ऐसे क्षेत्र पड़ते हैं जहां कुछ श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन की कमी के चलते भारी दिक्कतें पेश आती हैं। यदि ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं को समय रहते उपचार या वापस नीचे नहीं उतारा जाता है तो उनके लिए जान का खतरा बन जाता है। वहीं 14 जुलाई को रवाना हुआ श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार सुबह श्रीखंड पहुंच गया है।

### श्रीखंड यात्रा के लिए बनाए गए 5 बेस कैंप

इस वर्ष से श्रीखंड महादेव यात्रा 14 से 27 जुलाई तक प्रशासन की देखरेख में आयोजित की जा रही है। 3 दिनों में 3000 यात्री दर्शन करने निकल चुके हैं। इस बार यात्रा को 5 सैक्टरों में बांटा गया है। इसमें बेस कैंप सिंघगाड़, बेस कैंप थाचड़ू, कुनशा, भीमड्वार और यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में प्रशासन द्वारा बेस कैंप स्थापित किए गए है। इसमें सैक्टर मजिस्ट्रेट्स और उनके साथ पुलिस अधिकारी, इंचार्ज की नियुक्ति की जाएगी। इन बेस कैंप में मेडिकल स्टाफ, रैवन्यू और रैस्क्यू टीम तैनात है और यात्रा में पहली बार बचाव दल एसडीआरएफ की यूनिट यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में तैनात की गई है। बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीखंड यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल बनाया गया है। इसमें ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल खोल दिया है, जबकि अब तक करीब 2200 श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण कर चुके हैं। पार्वती बाग से ऊपर जो शॉर्टकट रास्ते बीते वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा बनाए गए थे, उन्हें इस बार सुरक्षा की दृष्टि से बंद किया गया है।

### श्रीखंड यात्रियों के लिए कुछ जरूरी हिदायतें

वर्ष 2014 से श्रीखंड यात्रा के दौरान अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टरों के अनुसार पार्वती बाग से ऊपर ऑक्सीजन की कमी होने लगती है, ऐसे यात्री जिनको ऑक्सीजन की कमी महसूस हो, ज्यादा सांस फूलना, सिरदर्द होना, चढ़ाई न चढ़ पाना, उल्टी की शिकायत होना, धुंधला दिखना, चक्कर आना जैसे सिमटम आना शुरू हों तो ऐसे यात्री तुरंत आराम करें और नाचे की ओर उतर कर बेस कैंप में चिकित्सक से सम्पर्क करें।

### अपने साथ क्या ले जाएं यात्री

अपने साथ यात्री एक पक्का डंडा, ग्रिप वाले जूते, बरसाती, छाता, ड्राई फ्रूट, गर्म कपड़े, टॉर्च, ग्लूकोज और कुछ जरूरी दवाइयां साथ रखें।

### 11 वर्षों में हो चुकी हैं 40 से अधिक मौतें

कठिन व जोखिम भरी श्रीखंड महादेव यात्रा को 2014 से ट्रस्ट के अधीन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की सुविधाओं के प्रयास जारी हैं। इसके बावजूद पिछले करीब 11 वर्षों में करीब 40 से अधिक लोग इस कठिनतम यात्रा में अपनी जान गंवा चुके हैं, ऐसे में प्रशासन के लिए भी यह यात्रा किसी चुनौती से कम नहीं है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू में आतंकी हमले के बाद चम्बा में हाई अलर्ट, ऐसे की जा रही सीमाओं की निगरानी

**चम्बा (आरएनएस)।** पड़ोसी राज्य जम्मू कश्मीर में आतंकी वारदातों के बाद चम्बा जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। जिले की सीमाओं सहित अन्य क्षेत्रों में चौकसी को बढ़ा दिया है। सभी पुलिस थानों व चौकियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं पुलिस ड्रोन के माध्यम से भी बार्डर एरिया पर निगरानी बनाए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की घुसपैठ को रोका जा सके। प्रदेश पुलिस और गुप्तचर विभाग द्वारा विशेष निगरानी की जा रही है। पड़ोसी राज्य में आतंकी वारदातों के बाद सुरक्षा को और पुख्ता कर दिया है। जिले के प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी और पुलिस द्वारा विशेष निगरानी की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह पर नाके लगाए गए हैं और पुलिस संदिग्धों पर नजर रखे हैं। कोई संदिग्ध प्रवेश न कर सके इसके लिए हर तरह की एहतियात बरती जा रही है।

### सीएम योगी ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक, सैकड़ों परिवारों को मिली राहत

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ के पंत नगर, खुर्रम नगर और अबरार नगर में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंत नगर, खुर्रम नगर और अबरार नगर में कुकरैल नदी के किनारे बने मकानों को नहीं गिराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा 35 मीटर की चौड़ाई पर्याप्त है, इस सीमा के भीतर कोई भी संरचना प्रभावित नहीं होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई है।

### अनंत अंबानी की शादी में था विस्फोट करने का प्लान, इस तरह हुआ खुलासा

**मुंबई (आरएनएस)।** दुनियाभर में मुकेश अंबानी के बेटे की शादी चर्चा में बनी रही। इसी बीच अब खबर ये आ रही है कि मुंबई पुलिस ने अनंत अंबानी की शादी में बम की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शख्स ने शादी में बम की धमकी दी थी। दरअसल, आरोपित शख्स ने सोशल मीडिया पोस्ट पर अंबानी के घर बम होने की धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक, 32 वर्षीय आरोपी विरल शाह गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है और पेशे से वह एक इंजीनियर है। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान एक्स यूजर का पता वडोदरा में चला। इसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम को गुजरात भेजा गया और आरोपी को वडोदरा से पकड़ लिया गया। अब आरोपी को मुंबई लाया जा रहा है। इससे पहले, मुंबई पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया था। अनंत अंबानी की शादी में बम की संभावित धमकी से संबंधित एक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। बता दें कि सोशल मीडिया पर यह पोस्ट स्नस्नस्स्नढ्ढक्र नाम के यूजर ने किया था। इस पोस्ट में उसने लिखा था कि अगर अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में बम विस्फोट हो जाए, तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था उलट जाएगी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सोशल मीडिया पोस्ट में आरोपी ने लिखा था, 'मेरे दिमाग में एक बेशर्मी भरा विचार आया कि अगर अंबानी की शादी में बम फट गया, तो आधी दुनिया उलट जाएगी। एक पिन कोड में खरबों डॉलर।'

### पत्नी की हत्या के बाद 16 साल से फरार चल रहा था शख्स, पुलिस ने आरोपी को पंजाब से किया गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा पुलिस ने 16 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद से फरार था। इन 16 सालों में वह कई अलग-अलग राज्यों में छिपकर रह रहा था। उसे पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित 25,000 रुपए के इनामी आरोपी संजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 5 दिसंबर 2008 को अपनी पत्नी की अवैध संबंधों के शक में प्रेशर कुकर सिर पर मारने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था।